भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

26 मार्च 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) में आयोजित विशाल "विजय संकल्प" रैली में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

लोक सभा चुनाव में सामने दिख रही करारी हार और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के डर से विपक्ष तथाकथित महागठबंधन बनाने पर विवश हुआ है। जिसको भी इकट्ठे होना है, हो जाएँ लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने उत्तर प्रदेश की 80 में से 74 सीटों पर कमल खिलाने का मन बना लिया है

****

पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गाँधी और राजीव गाँधी सबने "गरीबी हटाओ" का नारा देकर राजनीति की लेकिन गरीबों को सशक्त नहीं बनने दिया। अब राहुल गाँधी कहते हैं कि गरीब हटायेंगे! राहुल गाँधी ने इतने झूठ बोले हैं कि अब देश की जनता ने भी उन पर विश्वास करना बंद कर दिया है

****

राहुल गाँधी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 10 दिनों में सभी किसानों का कर्ज माफ़ करने का वादा किया था लेकिन अब तक 10% किसानों के भी ऋण माफ नहीं हुए। पंजाब, कर्नाटक का भी यही हाल है। ऐसे में देश की जनता राहुल गाँधी पर भरोसा करे भी तो कैसे?

****

मोदी सरकार ने देश के 50 करोड़ गरीबों के उत्थान के लिए अहर्निश काम कर रही है। देश से यदि कोई गरीबी जो जड़ से ख़त्म कर सकता है तो वे हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं

****

आजादी के बाद पहली बार देश के गाँव, गरीब, किसान, दलित, पिछड़े एवं शोषितों को यह महसूस हो रहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार उनकी अपनी सरकार है

****

जब आतंकी ठिकाने के नष्ट होने पर देश में खुशियाँ मनाई जा रही थी, तब हिंदुस्तान की विपक्षी पार्टियां पाकिस्तान की तरह ही मातम मना रही थी

****

राहुल गाँधी के गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकियों पर बम नहीं गिराना चाहिए, आतंकियों से बात करनी चाहिए। पित्रोदा जी, ये सलाह आप राहुल गाँधी को ही दीजिये। यह मोदी सरकार है, यदि दुश्मन हमारे जवानों पर, हमारी जनता पर गोली चलायेगी तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा

****

अखिलेश यादव, मायावती, ममता बनर्जी, राहुल गाँधी - सभी एयर स्ट्राइक का सबूत मांगते हैं। आज भी कांग्रेस नेता मनीष तिवारी वायुसेना प्रमुख पर सवाल उठा रहे हैं। राहुल गाँधी, देश की सेना का अपमान - बर्दाश्त नहीं करेगा हिंदुस्तान।

****

राहुल गाँधी, यदि आपने आपने देश की सेना का अपमान बंद नहीं किया तो देश की जनता आपको करारा सबक सिखाएगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अलावे आतंकवाद और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब कोई और नहीं दे सकता

****

2019 का लोक सभा चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है जहां एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है, वहीं दूसरी ओर राहुल गाँधी और बुआ-भतीजे का गठबंधन है जिसका न कोई नेता है, न नीति और न ही कोई सिद्धांत

****

उत्तर प्रदेश में 15 सालों तक सपा-बसपा की सरकार ने प्रदेश को बर्बाद कर के रख दिया था। हर जगह अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का तांडव था लेकिन भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और भू-माफियाओं से मुक्त कराने का काम किया है।

****

देश का विकास और देश की सुरक्षा भारतीय जनता पार्टी की सरकार की पहचान है। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज देश की बागडोर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में है जो प्रमाणिक, परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले और गरीबों के जीवन में उजियारा लाने के प्रति कृतसंकल्पित हैं

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के रामलीला मैदान में विशाल “विजय संकल्प” सभा को संबोधित किया और देश में विकास को बाधित करने और देश की जनता एवं भारत के वीर जवानों का अपमान करने के लिए राहुल गांधी एंड कंपनी पर कड़ा प्रहार किया। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी देश भर में 24 और 26 मार्च को लगभग 500 जगहों पर हर लोक सभा क्षेत्र में “विजय संकल्प” सभा का आयोजन कर रही है और कांग्रेस एंड

कंपनी को विभिन्न मोर्चों पर बेनकाब कर रही है। "विजय संकल्प" सभा की इस कड़ी के तहत आज देश भर में लगभग 250 स्थानों पर रैलियों का आयोजन किया गया है। विगत 24 मार्च 2019 को भी देश भर के लगभग 250 अन्य शहरों में "विजय संकल्प" सभा आयोजित की गई थी।

श्री शाह ने कहा कि **लोक सभा चुनाव में सामने दिख रही करारी हार के डर से विपक्ष तथाकथित महागठबंधन बनाने पर विवश हुआ है। यदि एक दूसरे का मुंह न देखने वाले चुनाव में इकट्ठे हो रहे हैं तो स्पष्ट है प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का डर उन्हें सता रहा है। जिसको भी इकट्ठे होना है, जो जाएँ लेकिन उत्तर प्रदेश की जनता ने तय कर लिया है कि प्रदेश की 80 में से 74 सीटों पर कमल जरूर खिलेगा।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सोनिया-मनमोहन के नेतृत्व में सपा, बसपा, तृणमूल, राजद, एनसीपी, जेडीएस, कम्युनिस्ट के समर्थन से चलने वाली कांग्रेस की यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में 12 लाख करोड़ के अंतरिक्ष से लेकर पाताल तक घपले-घोटाले हुए। अब ये लोग फिर से अपने निहित राजनीतिक स्वार्थों के लिए इकठ्ठा हुए हैं। ये कभी देश का भला नहीं कर सकते, ये बस अपने परिवार का भला करते हैं।

राहुल गाँधी के 'गरीबी हटाओ' के चुनावी वादे पर जोरदार हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा - गरीबी हटायेंगे लेकिन गरीबी नहीं हटी। फिर 1971 में इंदिरा गाँधी ने "गरीबी हटाओ" का नारा देकर गरीबी के नाम पर राजनीति की लेकिन इंदिरा गाँधी ने गरीबी नहीं हटाई। फिर राजीव गाँधी ने कहा - गरीबी हटायेंगे लेकिन गरीबी नहीं हटाई। अब राहुल गाँधी कहते हैं कि गरीब हटायेंगे! राहुल गाँधी ने इतने झूठ बोले हैं कि अब देश की जनता ने भी उन पर विश्वास करना बंद कर दिया है।** अब कर्जमाफी का ही यदि उदाहरण लें तो **राहुल गाँधी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में 10 दिनों में सभी किसानों का कर्ज माफ़ करने का वादा किया था लेकिन अब तक 10% किसानों के भी ऋण माफ नहीं हुए। राहुल गाँधी ने कहा कि यदि 10 दिनों में किसानों के कर्ज माफ़ नहीं हुए तो मैं मुख्यमंत्री बदल दूंगा, अब तक एक भी मुख्यमंत्री नहीं बदला गया। पंजाब, कर्नाटक का भी यही हाल है। ऐसे में देश की जनता राहुल गाँधी पर भरोसा करे भी तो कैसे?**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक अत्यंत गरीब घर में जन्म लेने वाले श्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री पद पर प्रतिष्ठित किया। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2014 के लोक सभा चुनाव के दौरान ही यह स्पष्ट कर दिया था कि केंद्र की भाजपा सरकार गरीबों की सरकार होगी और पिछले पांच वर्षों में मोदी सरकार ने इसे अक्षरशः चरितार्थ कर के दिखाया है। आजादी के बाद पहली बार देश के गाँव, गरीब, किसान, दलित, पिछड़े एवं शोषितों को यह महसूस हो रहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार उनकी अपनी सरकार है।** चाहे वह उज्ज्वला योजना है, स्वच्छ भारत अभियान हो, आयुष्मान भारत हो, मुद्रा योजना हो,

किसान सम्मान निधि हो, श्रमयोगी मानधन योजना या कोई अन्य योजना - मोदी सरकार की हर योजनाओं में देश के गरीब, किसान, युवा एवं महिलायें ही हैं। उन्होंने कहा कि **मोदी सरकार ने देश के 50 करोड़ गरीबों के उत्थान के लिए अहर्निश काम कर रही है।** पिछले पांच वर्षों में 32 करोड़ से अधिक जन-धन खाते खोले गए, गरीबों के लिए लगभग दो करोड़ घर बनाए गए, बिजली से वंचित 18 हजार गाँवों और ढाई करोड़ घरों में बिजली पहुंचाई गई, लगभग 7 करोड़ गरीब महिलाओं को गैस सिलिंडर उपलब्ध कराये गए, लगभग 10 करोड़ शौचालयों का निर्माण किया गया और देश के लगभग 50 करोड़ गरीबों के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई। इतना ही नहीं, देश के किसानों के लिए कृषि सहायता के तौर पर देश के लगभग 12 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तौर पर सालाना 6000 रुपये मोदी सरकार की ओर से दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि **देश से यदि कोई गरीबी जो जड़ से ख़त्म कर सकता है तो वे हमारे लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं।**

पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों पर भारतीय वायु सेना के एयर स्ट्राइक पर कांग्रेस एंड कंपनी द्वारा देश की सेना के अपमानजनक बयानों पर करारा प्रहार करते हुए श्री शाह ने कहा कि **जब आतंकी ठिकाने के नष्ट होने पर देश में खुशियाँ मनाई जा रही थी, तब हिंदुस्तान की विपक्षी पार्टियां पाकिस्तान की तरह ही मातम मना रही थी।** राहुल गाँधी के **गुरु सैम पित्रोदा कहते हैं कि आतंकियों पर बम नहीं गिराना चाहिए, आतंकियों से बात करनी चाहिए। पित्रोदा जी, ये सलाह आप राहुल गाँधी को ही दीजिये। यह मोदी सरकार है, यदि दुश्मन हमारे जवानों पर, हमारी जनता पर गोली चलायेगी तो उसका जवाब गोले से दिया जाएगा। आज भी मनीष तिवारी कहते हैं कि हिंदुस्तान के वायुसेना प्रमुख आदमी नहीं है। अखिलेश यादव, मायावती, ममता बनर्जी, राहुल गाँधी - सभी एयर स्ट्राइक का सबूत मांगते हैं। यदि आपको हिंदुस्तान की सेना पर भरोसा नहीं है तो फिर आप किस पर भरोसा करेंगे! राहुल गाँधी, देश की सेना का अपमान - बर्दाश्त नहीं करेगा हिंदुस्तान।** राहुल गाँधी को चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि **यदि आपने आपने देश की सेना का अपमान बंद नहीं किया तो देश की जनता आपको करारा सबक सिखाएगी।** उन्होंने कहा कि प्र**धानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अलावे आतंकवाद और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब कोई और नहीं दे सकता।** उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में अलगाववादियों से सुरक्षा वापस ली है, अलगाववादी संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है और इन्हें विदेशों से मिल रहे फंड पर भी नकेल कसा है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **2019 का लोक सभा चुनाव देश का भविष्य तय करने वाला चुनाव है जहां एक ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन है, वहीं दूसरी ओर राहुल गाँधी और बुआ-भतीजे का गठबंधन है जिसका न कोई नेता है, न नीति और न ही कोई सिद्धांत। नेतृत्व विहीन विपक्षी गठबंधन स्वार्थ और भ्रष्टाचार का गठबंधन है जो देश का विकास कतई नहीं कर सकता।**

सपा-बसपा पर हमला करते हुए श्री शाह ने कहा कि **उत्तर प्रदेश में 15 सालों तक सपा-बसपा की सरकार ने प्रदेश को बर्बाद कर के रख दिया था। हर जगह अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का तांडव था लेकिन भारतीय जनता पार्टी की योगी आदित्यनाथ सरकार ने उत्तर प्रदेश को अपराधियों, भ्रष्टाचारियों और भू-माफियाओं से मुक्त कराने का काम किया है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **देश का विकास और देश की सुरक्षा भारतीय जनता पार्टी की सरकार की पहचान है।** उन्होंने कहा कि **यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज देश की बागडोर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के हाथों में है जो प्रमाणिक, परिश्रम की पराकाष्ठा करने वाले और गरीबों के जीवन में उजियारा लाने के प्रति कृतसंकल्पित हैं।** उन्होंने कहा कि देश की जनता ने कांग्रेस की जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली सरकार की जगह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास और सुरक्षा के लिए संकल्पबद्ध भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय ले लिया है।

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव